आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 09.03.2025 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- **राजभवन में आयोजित वसंतोत्सव का आज होगा समापन। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने पर जोर दिया।**
- **स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में रिक्त पदों को जल्द भरने के निर्देश दिए।**
- **संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण कल से शुरू होगा।**
- **प्रदेश सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत क्लस्टर स्कूल स्थापित करने का निर्णय लिया है।**

**वसंतोत्सव**

देहरादून के राजभवन में आयोजित तीन दिवसीय वसंतोत्सव का आज अंतिम दिन है। पुष्प प्रदर्शनी को देखने के लिए लोगों और पुष्प प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। पुष्प प्रदर्शनी में लोक कला, स्थानीय उत्पाद, पारंपरिक परिधान और हस्तशिल्प के स्टॉल पर्यटकों और स्थानीय लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। बड़ी संख्या में लोगों ने विभिन्न स्टॉलों से स्थानीय उत्पाद खरीदे और उत्तराखंडी संस्कृति और स्थानीय उत्पादों का आनंद लिया। राजभवन में आयोजित वसंतोत्सव न केवल कला, स्थानीय उत्पाद, संस्कृति और परंपराओं का उत्सव है, बल्कि यह स्थानीय कलाकारों, उद्यमियों, महिला समूहों और कुटीर उद्योगों के लिए एक प्रेरणादायी मंच भी साबित हो रहा है। लोगों की भागीदारी और प्रोत्साहन से यह आयोजन और भी खास हो गया, जिससे उत्तराखंड की लोक कला, पारंपरिक व्यंजन और स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिल रही है। राज्यपाल ने वसंतोत्सव में लगे सरकारी, गैर सरकारी संगठनों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए हस्तशिल्प, जैविक उत्पाद, औषधीय पौधे, फल–फूल और पारंपरिक उत्पादों के स्टॉल का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर ही हम उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं।

**श्रीनगर मेडिकल कॉलेज**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी के श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों, लैब टेक्नीशियन और अन्य संवर्गों के रिक्त पदों को जल्द भरने के निर्देश दिए हैं। मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के दौरान डॉ. रावत ने प्रशासन से स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त रखने पर जोर दिया। इस दौरान डॉ. रावत ने कॉलेज प्रशासन से मरीजों के इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने को कहा। इसके अलावा उन्होंने चारधाम यात्रा के मद्देनजर कॉलेज में अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें यात्रा सीजन के दौरान तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

**श्रम मंत्रालय**

श्रम मंत्रालय ने श्रमिकों से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ उठाने के लिए स्वयं को पंजीकृत कराने का अनुरोध किया है। हमारी संवाददाता ने बताया है कि इस योजना के अंतर्गत किसी संगठन के साथ काम करने वाले श्रमिक ई–श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण ऑनलाइन करा सकते हैं।

यह योजना योजना देश के 31 हजार से अधिक सार्वजनिक और निजी पैनलबद्ध अस्पतालों में द्वितीय और तृतीय श्रेणी के स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है। देश की अर्थव्यवस्था में गिग और ऑनलाइन प्लेटफार्म से नौकरी प्राप्त करने वाले श्रमिकों के योगदान को स्वीकार करते हुये केन्द्रीय बजट में ई–श्रम पोर्टल पर इनका पंजीकरण करने, पहचान पत्र जारी करने और स्वास्थ्य देखभाल का प्रावधान किया गया है। नीति आयोग के अनुसार भारत की गिग अर्थव्यवस्था में एक करोड़ से अधिक श्रमिकों को रोजगार मिलने और 2029–30 तक कार्यबल बढ़कर दो करोड़ 35 लाख होने की उम्मीद है। इन बजटीय प्रावधानों का शीघ्र कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय जल्द ही एक योजना शुरू करेगा।

**टीबी मुक्त**

प्रदेश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए सघन जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत सभी सरकारी कॉलेजों के शिक्षक और शिक्षा विभाग के अधिकारी नि–क्षय मित्र बनकर एक–एक टीबी मरीज को गोद लेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक स्वाति एस भदौरिया ने बताया कि टीबी मुक्त अभियान में 7 दिसंबर से 24 मार्च तक 100 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में करीब 14 हजार टीबी मरीजों को संस्थाओं, विभागों और लोगों ने गोद लिया है। इनमें से कई मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। इस अभियान के तहत प्रदेश के 5 हजार गांवों को भी टीबी मुक्त किया गया है, जो एक रिकॉर्ड है।

**संसद**

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण कल से शुरू होगा और ये 4 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान सदन की 20 बैठकें होंगी और वर्ष 2024–25 के लिये अनुदान मांगों और विनियोग विधेयक पर चर्चा होगी और मतदान होगा। इसके अलावा बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, तटीय नौवहन विधेयक–2024, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधयेक, आव्रजन और विदेशी विधेयक–2025 तथा रेलवे (संशोधन) विधेयक सहित कई विधायी कार्यों पर चर्चा होगी और इन्हें पारित किया जाएगा। बजट सत्र का पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक हुआ था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने पहली फरवरी को केन्द्रीय बजट पेश किया था।

**शिक्षा**

प्रदेश सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत क्लस्टर स्कूल स्थापित करने का निर्णय लिया है। योजना का उद्देश्य क्लस्टर स्कूल को हब के रूप में विकसित कर आसपास के कम छात्र संख्या और संसाधनों की कमी वाले स्कूलों को इसमें मर्ज करना है। ताकि कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के छात्र–छात्राओं को एक ही छत के नीचे बेहतर शिक्षा और सुविधाएं मुहैया कराई जा सकें। इसके तहत सरकार ने रुद्रप्रयाग जिले के तीन चयनित स्कूलों को क्लस्टर स्कूल में तब्दील करने के लिए 7 करोड़ 48 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। पहले चरण में विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले पांच जिलों में एक–एक क्लस्टर आवासीय विद्यालय बनाया जाएगा।

**स्वास्थ्य सुविधाएं**

प्रदेश के पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ईसीएचएस ने एम्स, ऋषिकेश के साथ एक महत्वपूर्ण अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। उत्तराखंड सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल आर. प्रेम राज और एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह ने सहमति पत्रों का आदान–प्रदान किया। समझौते से उत्तराखंड में रहने वाले 4 लाख 97 हजार से अधिक पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों, खासकर राज्य के दूर–दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। पूर्व सैनिक समुदाय के लिए यह सेना का एक बड़ा प्रयास है, जिससे उन्हें उन्नत निदान, विशेष उपचार और अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। इस ऐतिहासिक समझौते के तहत एम्स ऋषिकेश, ईसीएचएस के पैनल में शामिल होने वाला राज्य का पहला सरकारी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बन गया है, जिससे अब पूर्व सैनिकों को कैशलेस इलाज की सुविधा आसानी से मिलेगी।

**फागुन महोत्सव**

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून के आदि शक्ति दुर्गा मंदिर में आयोजित तृतीय फागुन महोत्सव और भव्य निशान यात्रा का शुभारंभ किया। यह भव्य शोभायात्रा तिलक रोड से होकर हनुमान चौक, सहारनपुर चौक से गुजरते हुए ओम सिटी मंदिर में सम्पन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भजन–कीर्तन के साथ भगवान का जयघोष किया और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना दिया। इस अवसर पर श्री जोशी ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं और समाज में सद्भाव एवं एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है और क्षेत्र की धार्मिक आस्था पूरे देश को प्रेरणा देती है। उन्होंने आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और सभी श्रद्धालुओं के सुख–समृद्धि की कामना की।

**क्रिकेट**

दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल खेला जाएगा। दोनों टीमें शानदार फॉर्म में हैं और खिताब के लिए कड़ी टक्कर देने को तैयार हैं। भारत और न्यूजीलैंड अब तक 119 वनडे मुकाबलों में भिड़ चुके हैं, जिसमें भारत ने 61 और न्यूजीलैंड ने 50 मैच जीते हैं। चौंपियंस ट्रॉफी में दोनों टीमें 1–1 की बराबरी पर हैं। इस टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज में भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराया था। भारत ने अब तक अपराजित रहते हुए फाइनल तक का सफर तय किया है। रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली और हार्दिक पांड्या ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया, जबकि मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने गेंदबाजी में अहम भूमिका निभाई। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान और बांग्लादेश पर जीत के बाद सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया। भारत 12 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी जीतने के इरादे से उतरेगा, जबकि न्यूजीलैंड दूसरी बार खिताब अपने नाम करने की कोशिश करेगा।

**खेलो इंडिया**

वहीं खेलो इंडिया विंटर गेम्स का दूसरा चरण आज जम्मू–कश्मीर के गुलमर्ग में शुरू हो रहा है। इसमें स्कीइंग और स्नोबोर्डिंग में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। दूसरा चरण 22 से 25 फरवरी तक आयोजित होना था, लेकिन गुलमर्ग में बर्फ की कमी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। इन खेलों का पहला चरण इस वर्ष जनवरी में लद्दाख के लेह में आयोजित किया गया था। पहले चरण में केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख विजयी रहा था।